# सेंट एंड्रयूज़ सीनियर सेकेंडरी स्कॉट्स स्कूल

9वीं एवेन्यू आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा: चार विषय :हिंदी पाठ :4 सबसे पहले (कविता)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न 1)कवि सबसे पहले उठकर क्या सुनना चाहता है ?

उत्तर कवि सबसे पहले उठकर हवा चलने पर पत्तों की हर-हर की ध्वनि को सुनना चाहता है ।

प्रश्न2) कवि क्या देखना चाहता है ?

उत्तर कवि सबसे पहले उठकर चिड़िया को पंख फैलाकर फर-फर की ध्वनि के साथ उड़ते हुए देखना चाहता है ।

प्रश्न 3) कवि क्या-क्या कहना चाहता है ?

उत्तर कवि सुबह के समय पत्तों के हिलने ,पक्षियों के बोलने ,कलियों के खिलने तथा पूर्व में बादलों के पीले ,लाल, सुनहरे रंग के बारे में सबको बताना चाहता है ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

क) सुनहले - सुनहरे रंग के

मैंने बगीचे में एक अद्भुत सुनहरे पंखों वाले पक्षी को देखा ।

ख) डाली - टहनी ,शाखा

पेड़ की डाली पर अनेक पक्षियों ने अपने घोंसलें बना रखे हैं ।

ग) पंछी - पक्षी

पृथ्वी पर अनेक प्रकार के पंछी पाए जाते हैं ।

**घ) पूर्व - पूर्व दिशा**

**सूर्य पूर्व दिशा से उदय होकर पश्चिम में अस्त हो जाता है ।**